भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 182
सोमवार, 18 जुलाई, 2022/27 आषाढ़, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

कृषि-पर्यटन को बढ़ावा देना

182. प्रो. रीता बहुगुणा जोशीः
डॉ. सुजय विखे पाटीलः
डॉ. हिना विजय कुमार गावीतः
डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदेः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कृषि-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) कृषि-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई आयोजना या योजनाओं का ब्यौरा क्या है और कृषि-पर्यटन को बढ़ावा देने के कारण कृषि क्षेत्र को नुकसान न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए क्या योजनाएं शुरू की गई है;

(ग) उद्योग को बढ़ावा देने के लिए क्या योजनाएं बनाई गई हैं और कितनी धनराशि, यदि कोई हो, आवंटित की गई है; और

(घ) विशेष रूप से महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सहित उन राज्यों की संख्या और सूची क्या है, जो कृषि-पर्यटन के लिए आकर्षक केंद्र हो सकते हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय भारत का संवर्धन समग्र रूप में करता है। देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों के संवर्धन के लिए मंत्रालय वर्तमान में चल रहे अपने कार्यकलापों के एक भाग के रूप में 'अतुल्य भारत' ब्रांड लाइन के तहत महत्वपूर्ण एवं सम्भावित विदेशी बाजारों में वैश्विक प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा कृषि-पर्यटन को विकास हेतु निश पर्यटन उत्पाद के रूप में अभिज्ञात किया गया है।
पर्यटन मंत्रालय ने 'सर्वोत्कृष्ट ग्रामीण/कृषि/बागान पर्यटन परियोजनाएं' श्रेणी में राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार की शुरूआत की है ताकि ऐसी परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए पर्यटन क्षेत्र में हितधारकों को प्रोत्साहित किया जा सके।

पर्यटन मंत्रालय ने भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास हेतु एक राष्ट्रीय कार्यनीति तथा रोड मैप-आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक पहल नामक दस्तावेज तैयार किया है। इस कार्यनीतिक दस्तावेज में निम्नलिखित प्रमुख स्तम्भों पर फोकस किया गया है:-

i. ग्रामीण पर्यटन हेतु मॉडल नीतियाँ और उत्कृष्ट कार्यपद्धतियाँ
ii. ग्रामीण पर्यटन हेतु डिजिटल प्रौद्योगिकियाँ और प्लेटफॉर्म

iii. ग्रामीण पर्यटन हेतु क्लस्टरों का विकास
iv. ग्रामीण पर्यटन हेतु बाजार सहायता
v. हितधारकों का क्षमता निर्माण
vi. शासन एवं संस्थागत कार्यढांचा

स्वदेश दर्शन योजना की ग्रामीण परिपथ थीम के अन्तर्गत पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

कृषि-पर्यटन को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में दिनांक 18.07.2022 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 182 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

देश में स्वदेश दर्शन योजना की ग्रामीण परिपथ थीम के अन्तर्गत पर्यटन अवसंरचना हेतु स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**राज्य का नाम**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्गत राशि**
1	बिहार	भितिहरवा- चंद्रहिया- तुरकौलिया का विकास	44.65	35.72
2	केरल	मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	80.37	23.77
		कुल	**125.02**	**59.49**

******